स्वतंत्रता दिवस समारोह 2020

दिनांक 15 अगस्त को सेंट मोंटफोर्ट स्कूल , पटेल नगर में वैश्विक महामारी कोविड -19, के कारण विद्यार्थियों की अनुपस्थिति में ७४ वे स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित सभी के द्वारा उचित दूरी तथा सुरक्षा के मापदंडों का प्रयोग किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल उपप्राचार्य ब्रदर बाला जोसफ द्वारा ध्वजारोहण तथा राष्ट्रगान के साथ की गयी । उपप्राचार्य द्वारा अपने भाषण में सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कोविड-19 से सुरक्षित रहने की अपील की । इस अवसर पर विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रार्थना -गीत के साथ देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई । इस अवसर पर उपप्राचार्य ब्रदर बाला जोसफ, सिस्टर्स एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित थे ।

साथ ही सरकारी आदेशानुसार आज ही के दिन से प्रारम्भ किया जा रहे "सहयोग से सुरक्षा अभियान " के प्रचार - प्रसार हेतु कक्षा अध्यापिकाओ द्वारा व्हाट्सएप्प के माध्यम से सहयोग से सुरक्षा अभियान - शपथ पत्र, सहयोग से सुरक्षा अभियान -अपील , सहयोग से सुरक्षा अभियान -ब्रोसर को भी प्रेषित किया गया ।